आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे

राष्ट्रपति–हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसमें वर्ष 2023 और 2024 के लिए प्रतिष्ठितकुशल शिल्पकारों को सम्मानित किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान असाधारण कलात्मक निपुणता का सम्मान करते हैं। यह भारत की समृद्ध एवं विविध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और वस्त्र राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा भी पुरस्कार समारोह में शामिल होंगे।

नशा मुक्त मुहिम

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते मंडी जिले के करसोग क्षेत्र में नशा मुक्त हिमाचल की मुहिम को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश सरकार के तंबाकू मुक्त युवा अभियान चरण तीन के तहत करसोग खंड के तीन गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र चर्चा में आ गया है।

*विकास खंड करसोग की ग्राम पंचायत बगैला का कुन्हू गांव करसोग खंड का पहला तंबाकू मुक्त गांव बना है। तंबाकू नियंत्रण नियमावली के तहत हुए मूल्यांकन में कुन्हू गांव को 160 में से 149 अंक मिले। इस आकलन की पुष्टि ग्राम प्रधान खुशी राम, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कला देवी और करसोग अस्पताल की टीम ने की। इसके बाद खंड चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी करसोग के संयुक्त हस्ताक्षर से गांव को प्रमाण पत्र जारी कर तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। इसी अभियान के तहत ग्राम पंचायत परलोग के चौरा गांव को 160 में से पूरे 160 अंक प्राप्त हुए, जबकि खबरौट बेलुढांक गांव को 160 में से 140 अंक मिले और इन दोनों गांवों को भी तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि यह सफलता स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और ग्रामीणों की संयुक्त भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनसहभागिता सबसे जरूरी है और इन गांवों की उपलब्धि अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बनेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद*

पुलिस

पुलिस वर्दी में सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त मापदंड तय करते हुए प्रदेश पुलिस विभाग ने एसओपी जारी की है। इसके तहत कोई भी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी वर्दी पहनकर मनोरंजन, निजी प्रचार, धार्मिक, राजनीतिक या व्यक्तिगत प्रकृति की रील, वीडियो, फोटो अथवा स्टोरी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड नहीं कर सकेगा। एसओपी का उल्लंघन अनुशासनहीनता माना जाएगा, जिसके लिए दोषी कर्मियों पर विभागीय जांच, निलंबन व सेवा से हटाने तक की कार्रवाई की जा सकती है।

नियुक्ति

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रोफेसर ममता मोक्टा को हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति छह वर्ष के लिए की गई है। इस संबंध में सरकार की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर ममता मोक्टा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के पद पर कार्यरत हैं और विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन विभाग की प्रोफेसर हैं। अब वह लोकसेवा आयोग के सदस्य पद का कार्यभार संभालेंगीं।

मौसम

प्रदेश में लम्बे समय से शुष्क ठंड का दौर जारी है। जिसके चलते मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाने से लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पिछले कल जनजातीय क्षेत्रों में मौसम के करवट बदलने से रोहतांग दर्रे और बारालाचा में ताज़ा हिमपात हुआ। रोहतांग में 12 सेंटीमीटर और बारालाचा दर्रे पर 5 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। रोहतांग दर्रे पर ताज़ा हिमपात होने से स्थानीय पर्यटन कारोबारियों के चहरे खिल गए हैं। उनका कहना है कि बर्फ़बारी होने के बाद पर्यटकों की आमद में इजाफा होगा और उनका कारोबार बढ़ेगा।

वहीं लम्बे समय से बारिश न होने से किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। बागवानों का कहना है कि समय पर बारिश और बर्फ़बारी न होने से सेब की फसल को नुक्सान होगा।

इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में 13 दिसंबर तक मौसम के साफ़ बने रहने की सम्भावना जताई है जबकि 14 दिसंबर को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात का पूर्वानुमान है।